अजीमगढ़ का सिर्फ एक बच्चे नहीं जा रहा स्कूल

अमर उजाला ब्यूरो

कैथल। जिला प्रशासन अजीमगढ़ के 14 सितंबर के रात्रि ठहराव में विकास के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का आह्वान भी ग्रामीणों से करेगा। यह जानकारी लघु सचिवालय स्थित सभागार में रात्रि ठहराव कार्यक्रम को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में डीसी चंद्रशेखर ने दी।

डीसी दिनेश सिंह यादव ने बताया कि शिक्षा विभाग के सर्वेक्षण के दौरान यह पाया गया है कि अजीमगढ़ में चार बच्चे स्कूल जाने से वंचित थे, जिनमें से तीन बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलवा दिया गया है। शेष एक बच्चा मोहित कुमार के अभिभावकों से उनकी टीम, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा बाल संरक्षण अधिकारी वीरवार को मिलकर बच्चे को स्कूल दाखिल करने के लिए कहेंगे और इसी कड़ी में ग्राम सभा में इस बच्चे को दाखिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 50 फीसदी हाजिरी वाले बच्चों के अभिभावकों से यह टीमें वीरवार को संपर्क कर शत-प्रतिशत हाजिर रहने के लिए प्रेरित करेंगी।

ये होगा कार्यक्रम

डीसी ने बताया कि 14 सितंबर को ग्राम सभा में डीआरडीए द्वारा तैयार जूट के थैले वितरित किए जाएंगे, जिस पर पालीथिन प्रयोग न करने का संकल्प लिखा होगा।

1. ग्राम सभा में ही गांव में स्कूल छोड़ने वाले एक मात्र बच्चे को सभी सुविधाएं प्रदान करके उसे दाखिल करने के लिए जागरूक किया जाएगा
2. अजीमगढ़ के निकट के डेरे के 45 बच्चों को दाखिला दिलाया जाएगा तथा उनको पढ़ाने की व्यवस्था उनके डेरे पर ही की जाएगी
3. विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से सुबह नौ बजे से ही कानूनी साक्षरता शिविर भी लगेगा।
4. स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार कल्याण व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शुगर चेकअप, ब्रेस्ट चेकअप कार्यक्रम व ईसीजी करने की व्यवस्था की जाएगी।
5. गांव में ही बनेंगे राशनकार्ड-जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग भी मौके पर ही पुराने खुर्द बुर्द राशन कार्डों को नई शक्ल प्रदान करते हुए उन्हें बदलेगा तथा विशेष मामलों में नाम शामिल करने की प्रक्रिया को भी अमल में लाएगा।
6. सांसद नवीन जिंदल की गैर सरकारी संगठन टीम भी भाग लेगी।
7. सभी ग्रामीणों को मिलेंगे तुलसी के पौधे-वन विभाग एक-एक तुलसी का पौधा वितरित किया जाएगा तथा स्कूल परिसर में 150 फलदार व फूलदार पौधे लगाए जाएंगे।
8. बागवानी विभाग द्वारा लगाई जाएगी प्रदर्शनी